मैगी नूडल्स पर बयान

विस्तृत जांच में पता चला है, कि मैगी नूडल्स में लेड की अधिकता नहीं है

नेसले हाउस, गुड़गांव, 1 जून 2015 : हम जानते हैं, कि उपभोक्ताओं को उन रिपोर्टों के कारण चिंता है, जिनमें कहा गया है, कि उत्तरप्रदेश के अधिकारियों ने मैगी नूडल्स के सैंपल पैक्स में काफी अधिक मात्रा में लेड पाया है। हम अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं जो इसकी जांच कर रहे हैं और हमें उनके परिणामों का इंतजार है।

हमने भी मैगी नूडल्स के लगभग 600 उत्पाद बैचेस के नमूने स्वतंत्र विश्लेषण के लिए एक बाहरी लैबोरेटरी को भेजे हैं और लगभग 1000 बैचेस के नमूनों की जांच अपनी अधिकृत लैबोरेटरी में की है। ये नमूने लगभग 125 मिलियन (12.5 करोड़) पैकेट प्रदर्शित करते हैं। इन आंतरिक और बाहरी जांचों में पता चला है, कि लेड का स्तर पूरी तरह से खाद्य नियमों के द्वारा निर्धारित सीमाओं के अंदर है और मैगी नूडल्स खाने में बिल्कुल सुरक्षित हैं। हम ये परिणाम अधिकारियों को भेज रहे हैं।

हम नियमित तौर पर अपने खाद्य पदार्थों में लेड की जांच करते हैं, इसमें अधिकृत लैबोरेटरीज़ में की जाने वाली जांच शामिल है। इनमें सामने आया है, कि मैगी नूडल्स में ये स्तर मान्य सीमाओं के अंदर ही हैं।

इसके अलावा हम अपनी फूड श्रृंखला में किसानों, सप्लायर्स, अधिकारियों और फूड उद्योग के साथ मिलकर कृषि उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार करके खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं।

हमारे उत्पादों की सुरक्षा और गुणवत्ता कंपनी की पहली प्राथमिकता है।